पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 338 /अका./का.प./2016 रायपुर, दिनाँक : 15/01/2016

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की सत्रहवीं* बैठक (आपात) शुक्रवार, दिनांक 08 जनवरी, 2016 को अपरान्ह 03:00 बजे कुलपति कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. प्रो. एस.के. पाण्डेय, कुलपति	–	अध्यक्ष
2. डॉ. एस.सी. नैथानी	–	सदस्य
3. डॉ. (श्रीमती) रश्मि मिंज	–	सदस्य
4. डॉ. (श्रीमती) रमा पाण्डेय	–	सदस्य
5. डॉ. एस.व्ही.के. प्रसाद	–	सदस्य
6. श्री चन्द्रकुमार चन्द्राकर	–	सदस्य
7. श्री एस.के. चक्रवर्ती	–	सदस्य
8. प्रोफेसर (डॉ.) दिनेश मारोठिया	–	सदस्य
9. श्री ललित सुरजन	–	सदस्य
10. श्री नरेश चन्द्र गुप्ता	–	सदस्य
11. प्रो. आर.पी. दीक्षित	–	सदस्य
12. डॉ. लक्ष्मीकांत भारती	–	सदस्य
13. श्री श्रीचंद सुंदरानी	–	सदस्य
14. श्री नवीन मार्कण्डेय	–	सदस्य
15. श्री के.के. चन्द्राकर, कुलसचिव	–	सचिव

–: कार्यवृत्त :–

विषय क्रमांक–1 22वाँ दीक्षात समारोह 19 जनवरी 2016 के लिए मुख्य अतिथि के संबंध में अतिरिक्त निजी सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार नई दिल्ली से प्राप्त पत्र दिनांक 29.12.2015 की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय : **माननीया श्रीमती स्मृति ईरानी, मंत्री, मानव संसाधन विकास, भारत सरकार, नई दिल्ली ने 22वाँ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहमति व्यक्त की है, सूचना ग्रहण करते हुए अनुमोदन किया गया।**

विषय क्रमांक–2 दिनांक 19 जनवरी 2016 को आयोजित विश्वविद्यालय के 22वाँ दीक्षात समारोह के लिए अतिथियों की सूची के अनुमोदन के संबंध में विचार करना।

प्रस्ताव : विश्वविद्यालय का 22वाँ दीक्षांत–समारोह मंगलवार, दिनांक 19 जनवरी 2016 को विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। माननीया श्रीमती स्मृति ईरानी, मंत्री, केन्द्रीय मानव संसाधन विकास, भारत सरकार, नई दिल्ली इस दीक्षांत–समारोह के मुख्य अतिथि के लिए अपनी सहमति प्रदान की है।

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री बलरामजी दास टंडन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे एवं अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। विशिष्ट अतिथि माननीय श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन होंगे।

विश्वविद्यालय दीक्षांत–समारोह के लिए अतिरिक्त परिनियम–1 में उल्लेखित अतिथियों के अलावा मंच पर आसीन होने के लिए सर्वश्री रमेश बैस, पूर्व केंन्द्रीय मंत्री एवं सांसद, रायपुर, श्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन श्री राजेश मूणत, मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं श्री प्रमोद दुबे, महापौर रायपुर को विशिष्ट अतिथियों के रूप में आमंत्रित किया जाना है।

निर्णय : **प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि विशेष परिस्थितियों में यदि कोई अतिथि को मंच पर बैठने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए तो दीक्षांत समारोह की गरिमा को ध्यान में रखते हुए अतिथि को मंच में बैठने की अनुमति हेतु कुलपति जी को अधिकृत किया गया।**

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् कार्यवाही संपन्न हुई ।

कुलपति
अध्यक्ष

कुलसचिव
सचिव

पृ. क्रमांक 339 /अका./का.प./2016 रायपुर, दिनांक 15/01/2016

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को।
3. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/जनसम्पर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
4. वित्त नियंत्रक/प्रभारी अंकेक्षण,
5. समस्त प्रभारी अधिकारी,
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक,

पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव (अका.)